भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 72 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

टीवी डिबेट में फोन कॉल पर भिड़े किरोड़ी और बेनीवाल, जुबानी जंग का वीडियो वायरल



भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

राजस्थान की सियासत में गर्माहट उस समय और बढ़ गई जब एसआई भर्ती रद्द होने को लेकर कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल एक टीवी डिबेट में फोन कॉल के जरिए आमने-सामने आ गए। दोनों नेताओं के बीच हुई तीखी बहस ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। डिबेट के दौरान हनुमान बेनीवाल ने सरकार पर आरोप लगाया कि भर्ती घोटाले पर पर्दा डाला जा रहा है। यह सुनते ही डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भड़क गए और बोले ÷पर्दा डालने की कोई बात नहीं, मैंने खुद कहा था भर्ती रद्द करो। इसके बाद दोनों नेताओं ने फोन पर एक-दूसरे को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

मीणा ने बेनीवाल को लुटेरा और चोर÷ तक कह दिया तो बेनीवाल ने पलटवार करते हुए कहा लुटेरे आप हैं, चोरों को आप बचाते हो। वहीं पेपर लीक मामले पर भी दोनों ने आरोप-प्रत्यारोप किए। मीणा ने दावा किया कि आरएलपी की महिला नेता इसमें शामिल थी, जबकि बेनीवाल ने पलटकर कहा वो आपके संपर्क में थी।

यह जुबानी जंग सिर्फ आरोपों तक सीमित नहीं रही, बल्कि आंदोलनों, संघर्षों और उम्र को लेकर भी दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर तंज कसे। कभी सहयोगी रहे मीणा और बेनीवाल की यह भिड़ंत अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है।

30 व 31 अगस्त को भीलवाड़ा शहर व जिले में पेयजल आपूर्ति बाधित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अंतर्गत अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा तिलिस्वा एवं भुंजरकला की 33 केवी फीडर लाइन पर मैंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कारण 30 अगस्त को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक शटडाउन रहेगा, जिससे आरोली स्थित जल शोधन संयंत्र पर जल आपूर्ति बाधित रहेगी।

अधिशासी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खंड-प्रथम ने बताया कि इसके चलते 30 अगस्त की शाम व 31 अगस्त की सुबह शहर व जिले में पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकेगी।

उन्होंने आमजन से अपील की है कि शटडाउन से पूर्व पर्याप्त जल संग्रह कर लें तथा पेयजल का मितव्ययता से उपयोग करें।

फुलियाकलां पुलिस ने कार से बरामद की स्मैक, युवक गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

पेसवानी । फुलियाकलां थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार तड़के एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने गश्त के दौरान एक अल्टो कार से 61.83 ग्राम स्मैक बरामद कर एक

युवक को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को तड़के लगभग सुबह 2.46 बजे गश्त के दौरान अल्टो कार को रोककर जांच की गई। कार में बैठे युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 61.83 ग्राम स्मैक प्लास्टिक की थैली में मिली। आरोपी की पहचान दीपक माली (24) पुत्र प्रहलाद माली निवासी माली मोहल्ला, फुलियाकलां के रूप में हुई।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त किया है । मामले की जांच शाहपुरा थाना अधिकारी सुरेशचन्द्र को सौंपी गई है।

अपहरण कर मारपीट व फिरौती मांगने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

थाना पुर एवं डीएसटी भीलवाड़ा की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने कोटा के कार डीलर के अपहरण और फिरौती मांगने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक नायक (21) पिता राधाकिशन निवासी जवाहर नगर, प्रतापनगर के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य बाल अपचारी से भी पूछताछ की गई है।

पुलिस ने बताया कि बीती 21 अगस्त को कोटा निवासी तजीमुद्दीन भीलवाड़ा ट्रांसपोर्ट मार्केट में गाड़ी खरीदने आया था। इसी दौरान सिल्वर कलर की बिना नंबर की एक्सयूवी में आए कुछ बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर 2 लाख रुपए लूट लिए और जबरन वाहन में डालकर ले गए। बाद में उसे मेगजिन इलाके में ले जाकर जेसीबी पर रस्सी से बांधकर पीटा और उसके भाई से 20 लाख

रुपए फिरौती की मांग की गई। वही कालू खां की जमानत पर शाम को उसे रिहा कर भाई से पैसे लाने को कहा गया और धमकियाँ दी गई । जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की । पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है ।

बकरियों को पानी पिलाने गई दो बालिकाएं बनास नदी में डूबीं, एक का शव मिला, दूसरी की तलाश जारी

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर/बीगोद

बड़लियास थाना क्षेत्र के नाहरगढ़ गाँव के पास से गुजर रही बनास नदी में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। बकरियों को पानी पिलाने गई दो सहेलियां नदी में डूब गईं। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी के दौरान एक बालिका का शव बरामद हुआ, जबकि दूसरी की देर शाम तक एसडीआरएफ की टीम ने तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली ।

थाना पुलिस के अनुसार, नाहरगढ़ निवासी अंशु कंवर (17) पुत्री भंवर सिंह और तनु (18) पुत्री कैलाश सेन बकरियों को पानी पिलाने नदी किनारे गई थीं। इस दौरान तनु का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के प्रयास में अंशु भी नदी में कूद पड़ी, लेकिन दोनों ही पानी के तेज बहाव में डूब गईं।

सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। स्थानीय गोताखोरों ने तलाश शुरू की, जिसमें अंशु कंवर का शव बरामद कर बीगोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं, दूसरी बालिका तनु सेन की तलाश मांडलगढ़ से पहुंची एसडीआरएफ की टीम कर रही है।

घटना की जानकारी मिलने पर विधायक गोपाल खण्डेलवाल भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

हादसे की खबर फैलते ही नदी किनारे ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि गत दिनों मातृकुंडिया बांध से छोड़े गए पानी के चलते नदी में पानी का स्तर बढ़ गया था, जिससे हादसा हुआ। शुक्रवार सुबह फिर से रेस्क्यू किया जाएगा ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS.com

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

एनएच-48 पर स्कॉर्पियो लूट का मुख्य आरोपी 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुलिस थाना पुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एनएच-48 पर स्कॉर्पियो लूट के मामले में वांछित चल रहा था और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। पुलिस ने बताया की बीती 27 फरवरी को उज्जैन से अजमेर के लिए बुक की गई स्कॉर्पियो गाड़ी को रास्ते में रोककर चालक के साथ मारपीट की गई और हाथ-पैर बांधकर वाहन, नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया गया था। इस मामले में कई आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे, जबकि मुख्य आरोपी युनुस मेव उर्फ भुरा घटना के बाद से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी और लूट के तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

5000 रुपए के इनामी स्थाई वारंटी को करेडा पुलिस ने दबोचा

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा

थाना पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए के इनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सांवरलाल रेगर (29) पुत्र नाराणलाल रेगर निवासी ज्ञानगढ़, करेडा के रूप में हुई है। वह थाना कारोई क्षेत्र में रेप एक मामले में लंबे समय से वांछित होकर फरार चल रहा था। आरोपी को न्यायालय द्वारा स्थाई वारंटी घोषित किया गया था। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 5000 रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में वैज्ञानिक तरीकों और परंपरागत पुलिसिंग का सहारा लिया और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

भीलवाड़ा में करोड़ो की टैक्स चोरी का खुलासा, भाजपा नेता डाड के पुत्र पर DGGI का शिकंजा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

डॉ. चेतन ठठेरा

भीलवाड़ा में करोड़ों की जीएसटी चोरी का मामला फिर सुर्खियों में है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विस टैक्स इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) जयपुर ने गुरुवार सुबह भाजपा नेता और पूर्व नगर विकास न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड के पुत्र निखिल डाड के ठिकानों पर छापेमारी की। टीम ने एक साथ छह स्थानों पर दबिश दी और दस्तावेज़, डिजिटल डाटा व लेन-देन की जांच शुरू की।

सूत्रों के अनुसार, निखिल डाड पर फर्जी बिलों और गुप्त लेन-देन के जरिए करीब 10 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का आरोप है। उनके कुमुद विहार स्थित फ्लैट, ऑफिस और अन्य ठिकानों पर जांच हुई है। टीम ने निखिल के स्टाफ से पूछताछ भी की। छापेमारी के दौरान सभी जगह भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

जांच एजेंसी को शक है कि निखिल का कारोबार जयपुर की महावीर ट्रेडिंग कंपनी से जुड़ा हुआ है, जिस पर पहले ही 706 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का मामला दर्ज हो चुका है। निखिल कपड़ा यूनिट्स को बड़े पैमाने पर कोयला और केमिकल सप्लाई करता है तथा प्रॉपर्टी और फाइनेंस से भी जुड़ा हुआ है।

डीजीजीआई ने निखिल के कारोबारी साझेदार अनुज सोमानी के ठिकानों पर भी तलाशी की। इसमें चित्तौड़ रोड स्थित माहेश्वरी केमिकल्स फैक्ट्री और अन्य दफ्तर शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि कोयला व केमिकल सप्लाई करने वाले कई प्रोसेस हाउस भी जांच के दायरे में हैं।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ही रत्नाकर ग्रुप के मालिक और पूर्व मंत्री रामलाल जाट के समधी शंकरलाल जाट के ठिकानों पर छापा पड़ा था, जिसमें 30 करोड़ की जीएसटी चोरी सामने आई थी। एक सप्ताह में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिसने शहर के कारोबारी जगत में खलबली मचा दी है।

गिव-अप योजना में भीलवाड़ा अव्वल : 1.13 लाख सक्षम लोगों ने छोड़ा एनएफएसए लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

गिव-अप योजना में भीलवाड़ा जिला अग्रिम पंक्ति में रहा है। यहां 1 लाख 13 हजार 750 सक्षम लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी छोड़ दी, जिससे 1.95 लाख जरूरतमंदों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा जा सका।

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रदेशभर में 29.62 लाख लोगों ने एनएफएसए लाभ छोड़ा है, जिससे 57.84 लाख नए पात्र परिवार जोड़े गए हैं। गिव-अप अभियान की अवधि अब 31 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है।

जिला रसद अधिकारी ने इस सफलता का श्रेय जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों को दिया।

मोबाइल टावर से बैटरियां चुराने का प्रयास नाकाम, कार खंभे से टकराई

भीलवाड़ा फोकस @ बदनोर

अखेगढ़ गांव में देर रात मोबाइल टावर से बैटरियां चुराने पहुंचे चोरों का प्रयास असफल हो गया। घटना के दौरान टेक्नीशियन की सतर्कता और पीछा करने से चोरों की कार बिजली के खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार इंडस कंपनी के टावर पर चार-पांच चोर इको कार से पहुंचे और बैटरियां निकालने लगे। इसी बीच कंपनी के टेक्नीशियन शंभू लाल जाट ने उन्हें देख लिया और पीछा किया। मोटरास गांव के पास ग्रीड के बाहर चोरों की कार बेकाबू होकर खंभे से टकरा गई।

कार की तलाशी में पुलिस को आधार कार्ड और जियो कंपनी का कार्ड मिला। आधार कार्ड से संदिग्ध की पहचान गणेश नायक निवासी तानहाल, तहसील शाहपुरा के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि यही गिरोह कुछ दिन पूर्व किडीमाल गांव में भी टावर पर चोरी की कोशिश कर चुका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

मांडलगढ़ में शांति समिति बैठक, त्योहार सौहार्द से मनाने की अपील

पुलिस थाने में स्टाफ की कमी का मुद्दा भी उठा

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

आगामी जलझुलनी एकादशी, गणेश विसर्जन और बारावफात पर्व को शांति व सौहार्द से मनाने के उद्देश्य से मांडलगढ़ पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि और दोनों समुदायों के वरिष्ठजन मौजूद रहे।

उपखण्ड अधिकारी मनमोहन शर्मा व पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई ने कहा कि त्यौहार खुशियां बांटने और समाज को एकजुट करने का अवसर हैं, इसलिए किसी भी अफवाह या विवाद से बचना जरूरी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा।

बैठक में नगर में सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, बिजली के झूलते तारों को व्यवस्थित करने जैसे मुद्दों पर नगर पालिका को निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस थाना, श्यामपुरा चौकी व कस्बा चौकी पर एएसआई, हेडकांस्टेबल और जवानों की कमी का मुद्दा उठाते हुए नई नियुक्तियों की मांग की गई, ताकि बढ़ती चोरी व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि सभी पर्व शांति, भाईचारे और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाए जाएंगे।

ग्राम पंचायत उमा जी का खेड़ा में रात्रि चौपाल आयोजित, ग्रामीणों की 21 शिकायतें हुई दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

ग्राम पंचायत उमा जी का खेड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल एवं जन सुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने ग्रामीणों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

चौपाल में राजस्व, विद्युत, जलदाय, पीडब्ल्यूडी और पंचायती राज विभाग से जुड़ी कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं। एसडीओ राठौड़ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कार्यक्रम में तहसीलदार ललित डीडवानिया, विकास अधिकारी अशेष शर्मा , ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माली राम यादव , एसीबीईओ कन्हैया लाल शर्मा , गिरदावर नानालाल धाकड़ , डॉ अनिल जांगिड सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और समस्याओं के समाधान हेतु तत्परता दिखाई।

QUICK BITES

झंडा स्थापना के साथ तहनाल में शुरू हुआ पांच दिवसीय तेजाजी मेला

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

पेसवानी । तहनाल ग्राम में 2 सितंबर को तेजा दशमी के अवसर पर लगने वाले विशाल तेजाजी मेले का आगाज गुरुवार को झंडा स्थापना के साथ हुआ। पांच दिवसीय इस मेले की शुरुआत होते ही गांव में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल छा गया। तेजाजी महाराज के भोपाजी रामलाल गुर्जर, ठा. भगवत सिंह राणावत, रामनिवास पटेल, शंकर गुर्जर, अर्जुन गुर्जर, कैलाश गाडरी, रामजस गुर्जर, उपसरपंच एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जीवराज गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण इस अवसर पर मौजूद रहे।

सरपंच गोविंद कंवर ने बताया कि झंडा स्थापना के साथ ही मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्राम पंचायत की ओर से गांव में आकर्षक विद्युत सजावट की जा रही है, वहीं तेजाजी महाराज की बिंदोरी परिक्रमा स्थल को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 1 सितंबर (नवमी) को रात्रि जागरण होगा और 2 सितंबर (तेजा दशमी) को विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पंचमी गुरुवार रात से चारभुजा मंदिर प्रांगण में लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू हो चुकी हैं, जो पूरे मेले में आकर्षण का केंद्र बनी रहेंगी।

भादवी छठ पर गाडरी समाज की भव्य वाहन रैली, जगह-जगह हुआ स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

पेसवानी । भादवी छठ के उपलक्ष्य में गाडरी समाज द्वारा गुरुवार को भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली धरती देवरा शाहपुरा से पालना देव नारायण पांसल भीलवाड़ा तक निकाली गई। रैली में शामिल वाहनों का जगह-जगह समाजजनों और सर्व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा और स्वागत सत्कार से अभिनंदन किया।

शिवराज गाडरी प्रतापपुरा ने बताया कि रैली में समाजजनों ने बढ़चढ़कर भाग लिया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र रेगर कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि, शंकर गुर्जर, नारायण गाडरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनेड़ा, भैरू गाडरी, गोपाल गाडरी , राजू गाडरी ,शंकर गाडरी , देवकीशन गाडरी , प्रहलाद गाडरी , बबलू गाडरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

एडीएम मीणा ने पीपलून्द चारागाह का किया निरीक्षण, जल संरक्षण कार्यों की सराहना

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा-

पेसवानी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश मीणा ने गुरुवार को पीपलून्द चारागाह का निरीक्षण किया। उनके साथ उपखंड अधिकारी राकेश मीणा व अधिशासी अभियंता आदेश मीणा मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत प्रशासक वेदप्रकाश खटीक ने एडीएम को चारागाह में किए गए एनीकेट, चेक डेम, फार्म पौंड, परक्यूलेशन टैंक व रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग जैसे जल संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। इनसे भूजल स्तर बढ़ा है और पशुओं को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो रहा है।

एडीएम मीणा ने कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में और नवीन तकनीकों को अपनाकर चारागाह का विकास अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने ऋषि पंचमी पर अमृत वाटिका में आम का पौधा भी रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी अभय सिंह मीणा, खंड साक्षरता समन्वयक नरेंद्र सिंह राणावत, ग्राम विकास अधिकारी राकेश चौधरी, वनपाल मूलचंद मीणा, हरिसिंह मीणा, हरचंद गुर्जर, रामराज मीणा, दीपक मीणा, गोपाल गुर्जर, कैलाश रेगर, भरत मीणा सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

शाहपुरा जिला बहाली को लेकर संघर्ष समिति का विरोध प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने चेतावनी दी कि शाहपुरा को जिला बनाए जाने तक आंदोलन जारी रहेगा।

संघर्ष समिति और अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा ने बताया कि 11 जून को समिति के प्रतिनिधि मंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई थी, जिसके आश्वासन के बाद धरना स्थगित किया गया। लेकिन समिति हर माह 28 तारीख को मुख्यमंत्री को स्मरण पत्र भेजकर शाहपुरा को पुन- जिला बनाने का स्मरण कराती है ।

समिति पदाधिकारियों सूर्यप्रकाश ओझा, अजय मेहता, हाजी उस्मान छीपा ने कहा कि आश्वासन के बावजूद नगर परिषद शाहपुरा का भंग होना और जिलास्तरीय विभागों का हटाया जाना सरकार की कथनी और करनी में फर्क दर्शाता है। इससे जनता में गहरा आक्रोश है।

पूर्व पार्षद भगवान सिंह यादव और कांग्रेस नेता अविनाश शर्मा ने कहा कि समिति जनता से किए वादे के लिए प्रतिबद्ध है और जब तक शाहपुरा जिला नहीं बनता, आंदोलन जारी रहेगा।

कांग्रेस उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल सोलंकी, कवि दिनेश बंटी और सत्यनारायण पाठक ने कहा कि समय रहते सरकार ने जनता की आवाज नहीं सुनी तो संघर्ष समिति आंदोलन की नई रणनीति बनाकर पुनः उग्र आंदोलन छेड़ेगी।

इस दौरान हाजी उस्मान छीपा, दलीचंद खटीक, एडवोकेट विक्रम गुर्जर, योगेंद्र सिंह, मदन लाल खटीक, रामेश्वर लाल धाकड़, युसूफ मोहम्मद, विजय टेलर, देव पाराशर, कैलाश चंद्र, शहाबुद्दीन, भंवर लाल, देवकिशन सहित कई लोग मौजूद रहे।

नल से निकला सपोला, जलापूर्ति पर उठे सवाल

जन स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की लापरवाही से मोहल्लेवासियों में रोष

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

स्वच्छ जल आपूर्ति के दावों के बीच शाहपुरा में जन स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। शहर के वार्ड नंबर 27 स्थित कायमखानी मोहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया , जब नूर मोहम्मद कायमखानी के घर के नल से पानी भरते वक्त अचानक सपोले का बच्चा निकल आया। यह दृश्य देखते ही महिलाएं घबरा गईं और कुछ ही देर में आसपास के लोग मौके पर जुट गए।

स्थानीय निवासियों ने इस घटना को विभाग की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि जब पानी में सांप का बच्चा आ सकता है तो सप्लाई की शुद्धता पर गंभीर सवाल उठते हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग नियमित रूप से टंकियों की सफाई, फिल्ट्रेशन और ब्लीचिंग-क्लोरीनेशन नहीं कर रहा, जिससे जल स्रोतों में अस्वच्छता पनप रही है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि विभाग की लापरवाही आमजन के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ है। लोगों ने मांग की कि तुरंत सभी टंकियों की सफाई व क्लोरीनेशन कराया जाए, सप्लाई में नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर डाला जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

अतिवृष्टि से फसलें चौपट, आजीविका पर संकट ,किसानों ने बीमा मुआवजे की मांग की

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

पेसवानी ।ग्राम ढिकोला के किसानों और ग्राम सेवा सहकारी समिति के ऋणी सदस्यों ने अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों का बीमा मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर गुरुवार को उपतहसील कार्यालय ढिकोला में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ज्ञापन में बताया गया कि खरीफ फसल में किसानों ने उड़द, मूंग, मक्का और ज्वार की बुवाई की थी, लेकिन हाल ही में हुई भारी बरसात से फसलें पूरी तरह चौपट हो गईं।

इससे किसानों की आजीविका पर संकट गहराने के साथ आर्थिक नुकसान भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम पहले ही जमा करवा चुके हैं, ऐसे में प्रभावित किसानों को शीघ्र बीमा लाभ मिलना चाहिए।

किसानों ने ज्ञापन में प्रशासन से मांग की कि शीघ्र सर्वे करवाकर बीमा कंपनी से मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सहायता में विलंब हुआ तो उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। वही नायब तहसीलदार ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।

छालर घटियाली देवनारायण धाम : जहां आज भी दिखाई देते हैं दही और घोड़ों के निशान

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

कांसया ग्राम स्थित छालर घटियाली देवनारायण स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि भगवान श्री देवनारायण जी जब परिवार सहित मालवा से आए थे, तब उनकी प्रिय गाय छालर यहीं गुम हो गई थी। इसी घटना के बाद इस स्थान का नाम छालर घटियाली पड़ा। स्थानीय मान्यता के अनुसार भगवान देवनारायण जी की माता साडू माता ने यहीं छाछ बिलोई थी। उस समय बने दही के निशान आज भी पत्थरों पर साफ दिखाई देते हैं। यही नहीं, घोड़ों के खुरों के निशान भी शिला पर मौजूद हैं जिन्हें श्रद्धालु आस्था से पूजते हैं।

गांव के रघुनाथ भालेर बताते हैं कि बचपन से ये निशान जस के तस हैं और यहां आते ही मन को अद्भुत शांति मिलती है। मंदिर के पुजारी का कहना है कि देवनारायण भगवान की कृपा से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

ग्रामीणों के अनुसार छालर घटियाली केवल धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि इतिहास और आस्था का संगम है, जहां सदियों पुराने चिह्न आज भी जीवंत हैं। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं और इसे पावन धाम मानकर पूजा-अर्चना करते हैं।

मंगरा मेरवाड़ा मित्र मण्डल ने स्थापित किया वीर तेजाजी का 29वां विशाल ध्वज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मंगरा मेरवाड़ा मित्र मण्डल की ओर से आजाद नगर में लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज का 29वां विशाल ध्वज स्थापित किया गया। यह 18 फीट लंबा व 15 रंगों वाला ध्वज ब्यावर के प्रसिद्ध कलाकारों ने तैयार किया। रात्री जागरण में भैरू सिंह एवं श्याम भोमिया एंड पार्टी ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, प्रतापनगर थाना प्रभारी सुरजीत सिंह, ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा सहित कई अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। गुरुवार सुबह शोभायात्रा के साथ तेजाजी महाराज भीम पहुंच कर ध्वज चढ़ाया गया। इस अवसर पर मण्डल के सदस्य व बड़ी संख्या में ग्रामीण व समाजजन उपस्थित रहे।

तेजा दशमी पर निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

वीर तेजा दशमी के अवसर पर जाट समाज की ओर से विशाल वाहन रैली व शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर हरणी महादेव पर समाजजनों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक व पूर्व पार्षद शंकरलाल जाट ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी व भामाशाह तथा जाट हॉस्टल जयपुर के संस्थापक विजय पुनिया शिरकत करेंगे। बैठक में विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। बैठक में जमना लाल डेरू, रामपूरन जाट, परमेश्वर जाट, सत्तू गुग्गड़, रामेश्वर जाट, लेहरू जाट , उदयलाल सोमरवाल, सम्पत जाट, अनिल जाट, कालू जाट, जगदीश जाट, ओमप्रकाश जाट, मोनू रूपाहेली, राजू जाट, रतन जाट, बक्षु जाट, अभिमन्यु चौधरी, उदयलाल जाट, पूशालाल जाट, मुकेश जाजुन्दा, प्रकाश जाट, राधेश्याम जाट, पन्ना जाट, धर्मराज, किशन, रोशन, घनश्याम, सुनिल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व समाजजन मौजूद रहे।

लाडपुरा में अन्नपूर्णा रसोई का हुआ शुभारंभ

विधायक गोपाल खंडेलवाल बोले- कोई भूखा न रहे, यही योजना का उद्देश्य

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा

राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत ग्राम लाडपुरा में अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य यही है कि कोई भी गरीब, असहाय और बेसहारा भूखा न रहे।

कार्यक्रम में जोगणिया माता शक्तिपीठ अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, पंचायत प्रशासक प्रकाश कंवर, पंचायत समिति सदस्य वर्दीलाल मीणा, भगवान सिंह, दिनेश शर्मा, हिम्मत जोशी, पूर्व सरपंच नाना लाल गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी रतिराम मीणा, सहायक ग्राम विकास अधिकारी भागीरथ मीणा, माल का खेड़ा पूर्व सरपंच प्रकाश चंद्र शर्मा , अध्यक्ष माया तेली, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और राजीविका समूह की कार्यकर्ता महिलाएं मौजूद रहीं।

QUICK BITES

नन्हीं बालिका ने साध्वी स्वरूप में दिया क्षमा का संदेश, महापर्युषण पर्व श्रद्धा से मनाया गया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

जैन समाज के महापर्व महापर्युषण का आयोजन जैन स्थानक में पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। धार्मिक वातावरण में बच्चों और बड़ों सभी ने मिलकर पर्व को आत्मशुद्धि और क्षमायाचना के संकल्प के साथ मनाया।

इस अवसर पर नन्हीं बालिका त्विशा नागौरी ने साध्वी स्वरूप धारण कर क्षमा याचना का पाठ प्रस्तुत किया। उनके सरल और मासूम शब्दों ने समाजजनों को भावविभोर कर दिया। नागोरी में कहा कि इंसान गलतियों का पुतला है, इसलिए यदि मन, वचन और काया से जाने-अनजाने में किसी का दिल दुख जाए तो हमें हाथ जोड़कर क्षमा मांग लेनी चाहिए। क्षमा मांगना और क्षमा करना दोनों ही अत्यंत पुण्य का कार्य है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ प्राप्त किया। खास बात यह रही कि बच्चों ने भी पूरे उत्साह से सहभागिता निभाई। नन्हें-मुन्नों की धर्म के प्रति आस्था और भागीदारी देखकर वातावरण और भी पावन हो गया। इसने यह संदेश दिया कि आने वाली पीढ़ी भी धर्म और संस्कृति के प्रति गहरी निष्ठा रखती है।

महापर्युषण पर्व पर जैन समाजजनों ने तप, संयम और क्षमा के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कोटड़ी के श्रीकांत शर्मा जर्मनी और स्पेन में देंगे व्याख्यान

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेंद्र बबलू पोखरना ।नगर के श्रीकांत शर्मा यूरोप महाद्वीप के जर्मनी और स्पेन में हृदय रोग एवं एलडीएल कोलेस्ट्रॉल विषय पर व्याख्यान देंगे। शर्मा वर्तमान में हैदराबाद स्थित नोवर्टिस क्लीन फार्मा फार्मेसी कंपनी में कार्यरत हैं।

शर्मा ने बताया कि स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 29 अगस्त से 1 सितम्बर तक यूरोपीयन सोसायटी ऑफ कार्डियोलॉजी के तत्वावधान में विश्वस्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित हो रही है। इसमें 1 सितम्बर को वे प्रेजेंटेशन देंगे और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल से जुड़े हृदय रोग की समस्या एवं उस पर चल रहे अनुसंधान के बारे में विस्तार से बताएंगे।

इसके अलावा शर्मा जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में फार्मेसी क्षेत्र के विशेषज्ञों से मिलकर नवीन तकनीकों की जानकारी लेंगे और भारत में उनके उपयोग की संभावनाओं पर कार्य करेंगे।

श्रीकांत शर्मा के इस अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान को लेकर कोटड़ी सहित आसपास क्षेत्र के युवाओं ने गर्व और खुशी जाहिर की है।

यूनेस्को का 'प्लास्टिक छोड़ो' अभियान, छात्रों को कपड़े के बैग बांट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला यूनेस्को एसोसिएशन, जवाहर फाउंडेशन व एलएनजे ग्रुप के सहयोग से प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो अभियान के तहत सुभाष नगर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए गए और कपड़े के बैग वितरित किए गए।

राजस्थान यूनेस्को फेडरेशन के प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। इसकी जगह कपड़े के बैग और स्थाई विकल्प अपनाकर बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने नारा दिया–प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो।

कार्यक्रम में यूनेस्को प्रवक्ता मधु लोढ़ा, बीजेएस अध्यक्ष अनिल कोठारी, यूनेस्को अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, दिनेश जैन, ललित अग्रवाल, जगदीश मुंदड़ा, विशाल विजयवर्गीय सहित संगठन पदाधिकारी, शिक्षक व सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।